




# संस्कारधानी पानी पानी

## आफत की बारिश, जगह-जगह नदियों का उफान, घरों में घुसा पानी





## बारिश बनी कहर, हादसे का वीडियो वायरल, पुलिस-प्रशासन अलर्ट

जबलपुर।

बंगाल की खाड़ी से आई बादलों की नई खेप ने शुक्रवार की सुबह से लेकर शाम तक झमाझम बारिश का दौर जारी रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान हुई लगभग 3 इंच बारिश के बाद शहर तरबतर हो गया। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से आया मानसून का नया सिस्टम तेजी से सक्रिय है। जिसके कारण बारिश हो रही है। अगले 24 घंटों के दौरान भी संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें जारी रहने की संभावना है। लगातार वर्षा से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। सड़कों पर कीचड़ मच गया है। गड्ढों में पानी भर गया है। दीवालों में सीलन आ गई है। गीले कपड़े नहीं सूख पा रहे हैं। निचले इलाके जलमग्न हैं। कई इलाकों में लोगों के घरों में पानी घुसा। कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला भी जारी है। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में बना मानसून का नया सिस्टम एक बार फिर पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर सक्रिय है। आसमान में हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जिससे झमाझम बारिश हो रही है।

**3 इंच वर्षा से जनजीवन अस्त व्यस्त**

### जनजीवन अस्त-व्यस्त

लगातार वर्षा से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। स्कूल परिसरों में पानी भरा हुआ है। सड़कों पर कीचड़ सन गया है। बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। बिजली की आंख मिचौली जारी है। इन दुरावस्थाओं को लेकर जनजीवन अस्तव्यस्त है।

### कई जगह जलप्लावन

लगातार वर्षा के कारण निचले इलाके जलमग्न हो गए, कई जगह जलप्लावन की शिकायतें आई। राहत बचाव दल जल निकासी में लगे रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बल्देबाग, सिविक सेंटर, दीक्षितपुरा, अग्रवाल कालोनी, गंगानगर, चंदन कालोनी, संगम कालोनी चेरीताल, में घुटनों घुटनों तक पानी भर गया था बल्देवबाग से बड़ा फुहारा जाने वाली रोड पर पानी भरा रहा।

### संभाग में भारी वर्षा संभावित

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक मानसून सक्रिय है। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। लगातार वर्षा के कारण एक बार फिर तापमान में गिरावट आई है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 8 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 97 प्रतिशत और सायंकाल 97 प्रतिशत दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों के दौरान 71.8 मिमी (3 इंच) वर्षा के बाद 1 जून से आज तक कुल वर्षा का आंकड़ा 309.5 मिमी (लगभग 12 इंच) दर्ज किया जा चुका है। दक्षिण पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर की रफ्तार से चली। सूर्योदय सुबह 5.30 बजे और सूर्यास्त शाम 7.00 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन 7.3 मिमी वर्षा हुई थी। जबकि कुल वर्षा 210.07 मिमी दर्ज गई थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 28.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घण्टे के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।






# उफनती नदी में बहे गैस सिलेंडर और भूसे से भरे ट्रक

## बाल-बाल बचे चालक, पुलिस-प्रशासन अलर्ट

हरिभूमि, जबलपुर।

मानसून की मूसलाधार बारिश ने जबलपुर सहित पूरे महाकौशल क्षेत्र में कहर बरपा दिया है। नदियों और नालों के उफान ने आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। शुक्रवार दोपहर जबलपुर के बरेला-पडरिया कुंडम मार्ग पर स्थित ग्राम तलैया की नदी में गैस सिलेंडर और भूसे से भरे दो ट्रक बह गए। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन यह घटना एक चेतावनी और सबक बन गई है कि प्रकृति के सामने लापरवाही कभी भी भारी पड़ सकती है।

### तेज बहाव में फंसकर बह गए ट्रक

घटना दोपहर करीब 1 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक ट्रक, जिसमें एलपीजी सिलेंडर लदे थे, और दूसरा ट्रक जिसमें भूसा भरा था, तलैया नदी का पुल पार करने का प्रयास कर रहे थे। उस समय नदी उफान पर थी और बहाव बेहद तेज था। इसी दौरान दोनों ट्रक पुल के बीच फंस गए और कुछ ही पलों में नदी की लहरों में समा गए। गनीमत रही कि दोनों ट्रकों के चालक और परिचालक समय रहते ट्रक से कूद गए, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

### जान जोखिम में डालकर सिलेंडर लूटते दिखे ग्रामीण

हादसे के तुरंत बाद ट्रक में भरे एलपीजी सिलेंडरों को बहता देख आसपास के ग्रामीण जान की परवाह किए बिना उफनते पानी में उतर गए। वायरल हुए वीडियो में कई लोग बहाव के बीच सिलेंडर उठाते और किनारे लाते नजर आ रहे हैं। यह दृश्य जहां एक ओर ग्रामीणों की हिम्मत दिखाता है, वहीं दूसरी ओर अविवेकपूर्ण साहस और लापरवाही को भी उजागर करता है।

### पुलिस ने दिखाया तत्परता का परिचय

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देश पर मौके पर पहुंचे एएसपी शर्मा की सूचना पर एसडीआरएफ की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर हालात का जायजा लेते हुए एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि नदी का बहाव बेहद तेज था और ट्रक चालक समय रहते वाहन से कूदकर भाग निकले थे। रेस्क्यू टीम ने तत्काल इलाके की घेराबंदी की और लोगों को दूर रहने की अपील की, ताकि कोई और हादसा न हो। इस त्वरित और संयमित कार्यवाही के लिए पुलिस और एसडीआरएफ की टीम की जमकर सराहना हो रही है।




### जारी की चेतावनी और अपील

कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने घटना के बाद आमजन से कड़ी चेतावनी के साथ संवेदनशील अपील की है। बारिश के दौरान किसी भी नदी-नाले को पार करने की कोशिश न करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की जानलेवा जिद और जल्दबाजी का अंजाम भयावह हो सकता है।एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क हैं और संवेदनशील क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

# सेवानिवृत्त फ्लाइंग ऑफिसर को 7 साल की कानूनी लड़ाई के बाद राहत

**जबलपुर**। जबलपुर के एक सेवानिवृत्त फ्लाइंग ऑफिसर को 7 साल की कानूनी लड़ाई के बाद राहत मिली। दिल्ली हाईकोर्ट ने आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल (एएफटी) के उस फैसले को सही ठहराया जिसमें याचिकाकर्ता सहित अन्य एयर फोर्स कर्मियों को दिव्यांगता पेंशन का अधिकारी माना था।एयर फोर्स ने एएफटी के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने एएएफटी के निर्णय को बरकरार रखते हुए एयर फोर्स की याचिका खारिज कर दी।न्यू रामनगर, अधारताल जबलपुर निवासी फ्लाइंग ऑफिसर अनंत मुदगल ने याचिका दायर कर बताया कि वे 2018 में भारतीय वायु सेना से लो-मेडिकल कैटिगरी में रिटायर हुए थे। एयर फोर्स ने उन्हें डिसेबिलिटी पेंशन देने से इंकार कर दिया था। इसके खिलाफ उन्होंने आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल, दिल्ली में मामला दायर किया। पांच साल की लड़ाई के बाद एएफटी ने याचिकाकर्ता के हक में फैसला दिया। वायु सेना ने इसे दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने एएफटी के निर्णय में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता बीपी वैष्णव ने हाईकोर्ट में पक्ष रखा।

## प्राईवेट स्कूलों के प्रबंधकों के साथ यातायात व्यवस्था को लेकर बैठक

# स्कूलों के लगने व छूटने के समय ट्राफिक व्यवस्था समुचित रहे

जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में 17 प्राईवेट स्कूलों के प्रबंधकों के साथ बैठक कर यातायात व्यवस्था पर सारगर्भित चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, अपर कलेक्टर सु मिशा सिंह, एडीशनल एसपी आनंद कलादगी सहित संबंधित स्कूल के प्राचार्य व प्रबंधक मौजूद थे। इस दौरान एकीकृत शासकीय हाई स्कूल सुहागी, सेंट अलॉयसियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल केंट, आरएस बेला सिंह हाई स्कूल, निर्मला हायर सेकेंडरी स्कूल घमापुर, वर्णी दिगंबर जैन गुरुकुल हाई स्कूल जबलपुर, सेट जोसफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल रांझी, सेट जोसफ कॉन्वेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल सदर, स्मॉल वंडर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डबल्यू एस ई सी हाई स्कूल, काईस्ट चर्च बॉयस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, काईस्ट चर्च गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लिटिल किंगडम स्कूल, सेंट नॉर्बट स्कूल, सेंट अगस्टीन स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर नर्मदा रोड, लिटिल वर्ल्ड स्कूल तिलवारा व सेंट गेब्रियल स्कूल रांझी जबलपुर के प्रबंधकों द्वारा अपने-अपने विद्यालयों के यातायात व्यवस्था को प्रेजेंटेशन के माध्मय से बताया।



इस दौरान कहा गया कि स्कूलों के लगने व छूटने के समय ट्राफिक व्यवस्था समुचित रहे, जिससे जाम की स्थिति न बने। स्कूली वाहन स्कूल कैंपस के अंदर ही विद्यार्थियों को उतारें व छुट्टी के समय वहीं से बैठायें। साथ ही कहा कि वाहनों में आवश्यक सुरक्षा उपकरण रहे। चालक-परिचालों के चरित्र के साथ अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि ऐसे कोई अवांछित घटनाक्रम न हो इसके लिए स्कूल प्रबंधन यातायात व्यवस्था को लेकर सुगम व ठोस कार्ययोजना तैयार करे। इसके साथ ही कहा गया कि यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए स्कूलों के लगने का समय अलग-अलग करने का प्लान तैयार करें। इस दौरान विशेष रूप से कहा गया कि ओमनी वेन जैसे अन्य स्कूली वाहन 15 साल से पुरानी नहीं होनी चाहिए। यदि किसी स्कूल के पास पुराने वाहन है तो तत्काल उन वाहनों को बदल दें, अन्यथा मोटर व्हीकल एक्ट के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही कहा गया कि सभी स्कूल अपने-अपने इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान केन्द्रित करें। यदि उनके स्कूल में पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं है तो अस्थाई पार्किंग की सुगम व्यवस्था करें। साथ ही सख्त निर्देश दिये गये कि स्कूल प्रबंधन की लापरवाही की वजह से स्कूलों के आस-पास कहीं भी जाम की स्थिति नहीं होनी चाहिए।

## बारातों के जाम से कई मार्गों पर निकलना दूभर

# भड़ली नवमी पर विवाह समारोहों की धूम

हरिभूमि जबलपुर।

भड़ली नवमी के स्वयंसिद्ध मुहूर्त पर शुक्रवार को विवाह समारोह की जबरदस्त धूम रही। सड़कों पर जाम लगा रहा। लोग यहां से वहां जाने के लिए बेताब रहे एक-एक व्यक्ति को तीन-तीन चार समारोह में शामिल होने की विवशता स्पष्ट झलक रही थी। कई सड़को पर तो एक साथ दो-दो चार-चार बारातों का संगम हुआ जिससे हालात बद से बदतर हो गये थे। मार्गो पर घण्टों जाम लगा रहा। बैण्ड बाजों नाचने वाले की उमंग के कारण धूम रही। शहर में जहां जहां बारात घर हैं, वहां भारी चौपाया वाहनों और टू व्हीलरों की पार्किंग से मार्ग वैसे ही संकरे हो गये थे। और मार्गो पर जाम लग गया था। गंजीपुरा, बड़ा फुहारा बाजार क्षेत्रों में चहल पहल रही वहीं विवाह घरों के आसपास की सड़के जाम रही। रसल चौक, बराट रोड, सिविक सेंटर,



आरटीओ रोड, सिविल लाईन, दमोहनाका, विजय नगर में भी सड़के जाम रही है। कल दिनभर बारिश के बीच बरातें निकली और लोग रेनकोट पहनकर शादियों में शामिल हुए।

### गहने कपड़ों की जमकर खरीददारी

भड़ली नवमी पर सराफा बाजार के अलावा शहर में तमाम ज्वेलर्स के यहां भड़ली नवमी पर खूब बिक्री हुई। सामान्य दिनों में यह 8 से 10 करोड़ के बीच रहता है। विशेष मुहूर्त के चलते 15 करोड़ रुपए से अधिक का कारोबार हुआ. वहीं साड़ियों की बिक्री भी खूब हुई। शुक्रवार को रेडीमेड गारमेंट का बाजार भी खूब चला. इसलिए व्यापारियों ने भी नया स्टाक सजाकर रखा। जानकारों के अनुसार यह कारोबार 15 से 20 करोड़ तक पहुंच गया।

### कल के बाद शादियों पर लग जाएगा विराम

भड़ली नवमी का अबूझ मुहूर्त निकल जाने के बाद अब शादियों पर देवउठनी ग्यारस तक विराम लग गया है। भड़ली नवमी के बाद आज से देवशयनी एकादशी के बाद देवउठनी ग्यारस तक विवाह मुर्हूत नहीं होंगे। भड़ली नवमी के बारे ज्योतिषाचार्य पी.एल.गौतमाचार्य ने बताया कि भड़ली नवमी स्वयं सिद्ध मुहूर्त हाता है इसमें बिना किसी मूहूर्त के विवाह हो जाते है।

## विद्युत कर्मियों को दोन्नति व कैशलेस बीमा का लाभ दिया जाए

**विद्युत फेडरेशन के खुले अधिवेशन में रखी गई मांग**

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन जबलपुर के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने फेडरेशन के प्रांतीय खुले अधिवेशन में कहा कि बिजली कंपनियों में कार्यरत सभी कर्मचारियों को मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार शीघ्र पदोन्नति का लाभ दिया जाए। जहां पर पदोन्नति नहीं हो सकती वहां पर एक उच्च वेतनमान का लाभ दिया जाए। राकेश पाठक ने कहा कि बीमा योजना का इंतजार करते साल बदल गया अब तो सभी कंपनियों में शीघ्र कैसलेश बीमा योजना लागू की जाएं। बिजली कंपनियों में रिक्त पड़े सभी पदों पर भर्ती हो। संविदा कर्मियों को नियमित किया जाए। भर्ती में संविदा, आउट सोर्स कार्मिकों को प्राथमिकता से नियुक्त किया जाएं। नियमित कार्मिकों के मंहगाई भत्ता के साथ महंगाई राहत, परिवार पेंशन राहत दी जाएं।मृत पेंशनर्स के परिवार को शासन की व्यवस्था अनुसार अपने आप परिवार पेंशन का भुगतान हो। परिवार को भटकना न पड़े। खुले अधिवेशन में अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई चर्चा और निर्णय।मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि आज़ बिजली कंपनियां जब पूर्ण रूप से संविदा और आउट सोर्स कार्मिकों पर निर्भर है तब इन कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों और समस्याओं का समाधान ना कर इनका मनोबल गिराया जा रहा है। राकेश पाठक ने कहा कि बर्ष 2000 से 2012 तक मृत कार्मिकों के परिवार के आश्रितों को बिना शर्त के अनुकम्पा नियुक्ति पूर्व की भांति दी जाएं। फेडरेशन के प्रांतीय खुले अधिवेशन में विशिष्ट अतिथियों के रूप नगर पालिका अध्यक्ष संतोष जोशी, रामवीर सिंह सिकरवार, विरेन्द्र सिंह गोयल, नारेश्वर प्रताप सिंह, इरशाद खान, नरेश कप्तान, महेन्द्र सिंह सेंगर,, याकुब ख़ान, कमल चौधरी,रामु सर्राफ, सीताराम पवैया सहित बड़ी संख्या आमजन मौजूद रहे। फेडरेशन के कार्यवाहक अध्यक्ष खूबचंद शर्मा ने अधिवेशन की अध्यक्षता की। फेडरेशन के जोनल सचिव एन के यादव ने कहा कि संगठन को सुदृढ़ और सक्रिय करने हरसंभव प्रयास और कार्य करना चाहिए। फेडरेशन पर विश्वास कर जुड़िए फिर देखिए फेडरेशन भी आपके विश्वास पर हर संभव कार्य करने तत्पर हैं।

## ताजिया सवारी का जुलूस सदर बाजार की गलियों में गश्त उपरांत शिवाजी ग्राउंड में एकत्रित होगा

# मोहर्रम शहादत की रात आज

हरिभूमि जबलपुर।

शहादत के पर्व मुहर्रम की शनिवार को शहादत की रात है। तारीख-ए-करबला के मुताबिक नौंवी मोहर्रम शहीद -ए-आज़म हज़रत इमाम हुसैन अली मकाम जाहिरी हयात की अंतिम रात्रि थी। दसवीं मोहर्रम यौमे आशूरा को हज़रत इमाम हुसैन अल्लाह को राजी करने लिए शहीद हो गए। शहादत की रात में सवारियां एवं तजिया गश्त पर निकलेंगी गश्त करते हुए सवारिया मदार छल्ला जायेंगी ताजिया सिटी कोतवाली के सामने ज़ियारत के वास्ते रखे जाएंगे।

छावनी क्षेत्र सदर में शहादत की रात के मौके पर ताजिया सवारी का जुलूस सदर बाजार की गलियों गश्त उपरांत शिवाजी ग्राउंड में एकत्रित होगा। फातिहा खानी उपरांत जुलूस घंटाघर स्तिथ हजरत मशीन वाले बाबा की दरगाह रवाना होगा । इसी प्रकार गढ़ा में शहादत की रात गढ़ा बाजार में मनाई जाएगी। डॉ. सैयद मकबूल अली कादरी, सूफी निजाम बाबा, खलीफा मुमताज मंसूरी और दादा दरबार की सवारियां मुख्य रूप में शामिल होगी। गढ़ा बाजार में कौमी एकता मुर्तुजा एकता कमेटी के मुईन उस्मानी द्वारा सवारी और ताजिये की इस्तकबाल किया जायेगा।

सिटी कोतवाली बाजार स्थित मौलाना की गली में मरहूम शेख मुन्ना नियाज़ी और मरहूम अब्दुल रऊफ बाबा नियाज़ी के इमामबाड़े में मोहर्रम की 9 तारीख को हाजी शेख जमील नियाज़ी, हाजी शेख मुबीन नियाजी, हाजी शेख अनवार नियाजी और हाजी बाबा सैयद शेख अमीन कर्बलाई साहब की सरपरस्ती में जायरीनों के लिए चाय-पानी का इंतजाम किया गया।

### मदनी मिल्लत समिति

मुस्लीम बहुल क्षेत्र चार खम्बा मे मदनी मिल्लत के सरपरस्त मतीन अंसारी के अनुसार प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शहादत की रात के मौके पर समिति द्वारा



सवारियों के मुजावरी का इस्तकबाल किया जाएगा और लंगर तकसीम किया.

### गुलशने कुरैश कमेटी

विगत 40 वर्षों से मंडी मदार टेकरी में आकर्षक विधुत साज सज्जा करने में मशहूर कमेटी द्वारा शहादत की रात के मौके पर लंगर ए आम का एहतेमाम किया जाएगा .

### अखाड़े का प्रदर्शन

मोहर्रम की 8 तारीख के मौके पर कुछ क्षेत्रो में अखाड़ा कमेटियों द्वारा अखाड़ा के हैरतअंगेज कारनामे दिखाये गये सदर में अब्बास अलमदार कमेटी द्वारा बैंड बाजों पर शहीदी कलाम की धुनें पेश की गई इस मौके पर काफी तादाद में हिंदू मुस्लिम अकीदतमंद उपस्थित रहे और धुनों पर नज़राने पेश करते रहे !बैदरा मोहल्ला में 8वीं मोहर्रम के अवसर पर सूफ़ी निजाम बाबा, शाहरुख सुलतानी, वसीम खान, और सरफराज खान सहित अन्य लोगों द्वारा एक विशाल लंगर ए आम का आयोजन किया गया।

सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत की रोशनी में सुनाया गया आदेश

# हाई कोर्ट ने रीडर के वेतन की रिकवरी आदेश को किया निरस्त

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने सेवानिवृत्त रीडर के वेतन से रिकवरी के आदेश को अनुचित पाकर निरस्त कर दिया। याचिकाकर्ता भोपाल निवासी डा. जुबेर अहमद अंसारी की ओर से अधिवक्ता विजय राघव सिंह, पूनम सिंह, मनोज चतुर्वेदी व अजय नंदा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता हकीम



सैयद जियाउल हसन शासकीय (स्वशासी) यूनानी मेडिकल कालेज और अस्पताल, भोपाल में रीडर के पद पर कार्यरत था। उसके वेतन से 30 हजार रुपये मासिक के हिसाब से कुल छह लाख रुपये की कटौती का नोटिस थमा दिया गया है। चूंकि कटौती का आदेश मनमाना है और अतार्किक है, अतः विरोध किया गया। जब कोई असर नहीं हुआ तो हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में यह साफ किया कि पंजाब राज्य बनाम रफीक मसीह में प्रतिपादित विधि के सिद्धांत के अलोक में वेतन निर्धारण के आदेश में यदि पांच वर्ष से अधिक पुरानी त्रुटि परिलक्षित होती है तो उसकी रिकवरी वेतन या सेवानिवृत्ति लाभ से नहीं कि जा सकती है। पूर्व में भी पंजाब हरियाणा उच्च न्यायलय बनाम जगदेव सिंह में सुप्रीम कोर्ट ने यह अभिमत दिया था कि राज्य की सेवा से सेवानिवृत्त हुए किसी कर्मचारी से अधिक भुगतान की वसूली नहीं की जा सकती।

## डीएन जैन महाविद्यालय की एनसीसी छात्राओं का गौरव



**जबलपुर।** विगत दिवस इन्फैंट्री स्कूल महू जिला इन्दौर (मप्र) में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में डीएन जैन महाविद्यालय, जबलपुर के प्राचार्य डॉ. तरूण बाजपेयी एवं एनसीसी प्रभारी अमित कश्यप के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स छात्रा शनया ने पीप साइट प्रोन में 529/600 अंक अर्जित करते हुए कांस्य पदक एवं छात्रा कैडेट् लक्ष्मी गुप्ता ने भी अधिकतम 496 अंक प्राप्त कर महाविद्यालय एवं जबलपुर जिले को गौरवान्वित किया। इनकी उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. एचएन मिश्रा, डॉ. एसके जैन, डॉ. शिखा ताम्रकार, अनुराग नामदेव एवं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से एनसीसी कैडेट्स को बहुत-बहुत बधाइयां देते हुए उज्जवल भविष्य हेतु उत्साहित किया गया।

## अलम जुलूस निकला

**जबलपुर।** लालमाटी कांचघर से गत रात्रि मुजावर ऋषभ बाबा के नेतृत्व में अलम जुलूस निकाला गया। इस मौके पर असगर कादरी, इनायत कादरी, शराफत कादरी आदि मौजूद रहे। बेड़े के संचालक श्याम कुमार हवेल ने इस मौके पर हिंदू-मुस्लिम कौमी एकता का संदेश देते हुए कहा कि इमाम हुसैन की कुर्बानी पूरी दुनिया के लिए एक सब्र की और सच्चाई की मिसाल है। अलम जुलूस गश्त उपरांत कचहरी दरगाह सलामी पेश करने गया।



## जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** विधायक अशोक रोहाणी के मुख्य आतिथ्य में शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के सभागार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर म.प्र. जन अभियान परिषद के प्रदेश सलाहकार शिवनारायण पटेल, महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष माइकल प्रदीप कपूर, महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमति संतोष जाटव ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक रोहाणी ने अपने संबोधन में परिषद के स्थापना दिवस की सभी को बधाई शुभकामनाएं देते हुये बताया कि परिषद के द्वारा जमीनी स्तर पर किये जा रहे कार्य बहुत अच्छे है। समाज के अंतिम पंक्ति तक सरकार के कार्यक्रम और योजनाएं को ले जाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही कहा कि जन अभियान परिषद परहित से प्रेरित होकर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में परिषद के प्रदेश सलाहकार शिवनारायण पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया और कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य में परिषद की अहम भूमिका है हम सब को साथ में काम करना होगा। महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष प्रदीप माइकल कपूर एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संतोष जाटव ने भी अपने अपने विचार इस अवसर पर सभी के बीच साझा किये।

# हाई कोर्ट ने श्मशान की भूमि में कब्जे के आरोप पर मांगा जवाब

**जबलपुर ।** मप्र हाईकोर्ट ने श्मशान की भूमि में कब्जे के आरोप पर जवाब-तलब कर लिया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने राज्य शासन, प्रमुख सचिव, कलेक्टर बैतूल, तहसीलदार अथनेर, जिला व जनपद पंचायत सीइओ व ग्राम पंचायत मंडवी के सरपंच को नोटिस जारी किए हैं। साथ ही स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई चार अगस्त को नियत की गई है। जनहित याचिकाकर्ता बैतूल तिले की अथनेर तहसील के ग्राम मांडवी निवासी दीपक कुमार बरपेटे की ओर से अधिवक्ता विद्याशंकर मिश्रा ने पक्ष रखा गया। उन्होंने दलील दी कि मांडवी ग्राम में नदी किनारे स्थित शासकीय भूमि श्मशान घाट के लिये रिजर्व है। उक्त जमीन पर ग्राम सरपंच ने पहले तो कुछ पेड़-पौधे लगवाये, इसके बाद उसके चारों ओर बाउंड्रीबाल का निर्माण कर वहां अखाड़ा शुरु कर दिया। इतना ही नहीं नदी के किनारे से बाउंड्रीबाल का निर्माण किया गया। इससे नदी का अस्तित्व भी संकट में आ गया और उसकी चौड़ाई पहले से काफी कम हो गई है। इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से की गई। जिन्होंने शिकायत को सही पाते हुए कलेक्टर से कार्यवाही से अनुशंसा भी की, लेकिन नतीजा सिफर रहा। लिहाजा, हाई कोर्ट की शरण ली गई है।



## प्राथमिक शिक्षक के संलग्नीकरण आदेश पर अंतरिम रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने प्राथमिक शिक्षक के संलग्नीकरण आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी। नरसिंहपुर जिले के तहसील गोटेगांव में प्राथमिक शिक्षक एंजेला कोडके की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा एवं कौशलेंद्र सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोटेगांव 15 जनवरी 2025 को याचिकाकर्ता को बिना किसी कारण के शासकीय प्राथमिक शाला बेलखेड़ी मुंआर से शासकीय हाई स्कूल बेल हाई गोटेगांव में अटैच कर दिया। दरअसल याचिकाकर्ता के खिलाफ कुछ शिकायतें की गई थी, जोकि जांच में झूठी पाई गई। इसके बावजूद उसका संलग्नीकरण कर दिया गया। याचिकाकर्ता ने जब कोर्ट में याचिका दायर की, तो डीईओ ने उसे निलंबित करने नोटिस जारी कर दिया।



## वरिष्ठ पत्रकार इन्द्रभूषण द्विवेदी को मातृ शोक


**जबलपुर।** पड़वार निवासी स्व. श्री नारायण सिंह द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती त्रिवेणी द्विवेदी (85 वर्ष) का शुक्रवार को उनके त्रिमूर्ति नगर स्थित निवास में निधन हो गया। आप वरिष्ठ पत्रकार इन्द्रभूषण द्विवेदी, श्रीमती निर्मला दुबे, अजय सिंह द्विवेदी और प्रमोद (मन्नू) सिंह द्विवेदी की मां तथा डॉ. जेपी दुबे की सासू मां थीं। अंतिम यात्रा प्रातः 10.30 बजे त्रिमूर्ति नगर गली नम्बर 2 से ग्वारीघाट के लिए प्रस्थान करेगी।

# बाईकों में भिडंत, 2 घायल

**जबलपुर।** बरेला थाना अतंर्गत बरेला बाईपास पर कान्हा ढाबा के आगे पीछे की ओर से आ रही एक बाईक ने दूसरी बाईक को टक्कर मार दी, जिससे बाईक में सवार दो युवक नीचे गिरकर घायल हो गए। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पौड़ी पनागर निवासी 44 वर्षीय नरेश बरकड़े गत रात अपने साथी गोपाल परस्ते, गोविंद बरकडे, हरि परस्ते चारों रिश्तेदार के घर ग्राम करोंदी से मण्डला वापस आ रहे थे, बरेला बाईपास पर कान्हा ढाबा के आगे पीछे की ओर से आ रही मोटर सायकिल एमपी 20 जेड टी 0803 के चालक ने तेज गति से चलाते हुये गोविंद बरकडे की मोटर सायकिल मे पीछे से टक्कर मार दी, जिससे गोविंद एवं हरि परस्ते गिर गए और दोनों को चोटे आ गयी। नरेश ने दोनों घायलो को उपचार के लिए जबलपुर भिजवाया है। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# 55 लीटर डीजल बेचने के लिए लेकर खड़ा युवक गिरफ्तार

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अतंर्गत भमकी रोड पुलिया के पास डीजल के अवैध कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 55 लीटर डीजल जब्त किया है।




शहपुरा थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर भमकी रोड पुलिया के पास दो बड़ी केन में डीजल रखकर खड़े विराट कालोनी शहपुरा निवासी 20 वर्षीय राजा उर्फ राजकुमार बर्मन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो केनों में भरी कुल 55 लीटर डीजल जब्त की है जिसकी कीमत लगभग 5 हजार 500 रूपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 287 बीएनएस तथा 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## हजारों नम आंखों ने दी अंतिम विदाई

# नहीं रहे पदमश्री डॉ. एमसी डाबर

**जबलपुर।** जबलपुर शहर ने धरती के भगवान कहे जाने वाले एक महान विभूति को खो दिया। पदमश्री डॉ. मुनीशचंद्र डाबर का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मुक्तिधाम में किया गया, जहां चिकित्सा, राजनीति, प्रशासनिक जगत के अलावा समाज के विभिन्न वर्गों से शामिल लोगों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, पूर्व मंत्री तरुण भनोत, पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सूरज जायसवाल ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि डॉ डाबर का निधन न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। वे एक सच्चे राष्ट्रसेवक, और चिकित्सा जगत के प्रेरणास्त्रोत थे। उनका जीवन गरीबों, पीड़ितों और वंचितों की सेवा को समर्पित रहा। वर्तमान में चिकित्सा को सेवा नहीं व्यवसाय समझने वालों के लिए आइना थे। उनके विचार, मूल्य और समाज के प्रति उनका समर्पण हम सभी के लिए एक आदर्श हैं।



### "उनकी यादें हमेशा जीवित रहेंगी"

शहर में गरीबों के मसीहा बने पद्मश्री डॉ. मुनीश चंद्र डाबर की शुक्रवार सुबह मृत्यु हो गई है. इनकी मृत्यु से डॉक्टर्स में शोक की लहर है. वयोवृद्ध डॉ. डाबर ने जीवन भर लोगों की स्वास्थ सेवा की है. इन्होंने सन 1972 से चिकित्सा शुल्क मात्र 2 रुपये से शुरू करने वाले जबलपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक थे, जिन्हें 2023 में केंद्र सरकार द्वारा पद्मश्री से विभूषित किया गया था। आप शहर के प्रसिद्ध चेस्ट फिजिशियन डॉ ऋषि डाबर के पिता थे। गौरतलब है कि सेवा भाव में तत्पर रहने वाल डॉ. डाबर ने इस समय भी मरीजों से दस रूपए परामर्श शुल्क लिया था। पद्मश्री सम्मान से सम्मानित डॉ. एमसी डावर प्रदेश के प्रथम प्रेक्टिशनर डॉक्टर थे।

### भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल ने दी विनम्र श्रद्धांजलि

जबलपुर में सन 1972 से चिकित्सा मात्र 2 रुपये से शुरू करने वाले जबलपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर मुनीश्वर चंद्र डावर को पद्मश्री से विभूषित होने पर सम्पूर्ण जबलपुर गौरवान्वित हुआ था। संस्कारधानी की शान, जिन्हें लोग डॉक्टर के रूप में भगवान कहते थे, आज भी जबलपुर शहर में हर गरीब के जवान पर एक नाम आता है डॉ. डाबर जी का, आपका सेवा भाव और इलाज इस कंप्यूटर युग में भी देखने मिलता है 10 रुपये में इलाज यह गरीबों के लिए वरदान है। पद्मश्री सम्मान से सम्मानित डॉ. एमसी डावर प्रदेश के प्रथम प्रेक्टिशनर डॉक्टर थे। वे डॉ. ऋषि डाबर के पिता जी थे। आज देवता स्वरूप डॉ. मुनीश चंद्र डाबर का देवलोकगमन हो गया। भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल ने दी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि संस्कारधानी ने एक अनुभवी सामाजिक व्यक्तित्व को खो दिया है।

**श्री राम मिलन वर्मा-** संजीवनी नगर निवासी श्री राम मिलन वर्मा (103) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामजतन पटेल-** बिहारी महाराज का अखाड़ा घमापुर चौक निवासी रामजतन पटेल (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला परोहा-** साईं कॉलोनी कृषि उपज मंडी के सामने निवासी श्री मूलचंद परोहा की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला परोहा (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री टेक सिंह-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री टेक सिंह (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बबलू कोरी-** तिलहरी निवासी श्री बबलू कोरी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भूपेंद्र कुमार वर्मा-** ब्यौहारबाग निवासी श्री भूपेंद्र कुमार वर्मा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बाबू लाल पासी-** संजय नगर केंट निवासी श्री बाबू लाल पासी (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्री रामचंद्र मांगमराठा-** खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री रामचंद्र मांगमराठा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री वीरेंद्र सिंह गुसाईं-** नंद नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री विक्रम सिंह गुसाईं के पुत्र श्री वीरेंद्र सिंह गुसाईं (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री डेमन सिंह सूर्या-** पीरछाया ड्यूपलेक्स गौस नगर कब्रिस्तान के पास निवासी श्री डेमन सिंह सूर्या (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री विजय वाजपेयी-** गली नं. 15, सदर निवासी श्री विजय वाजपेयी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीना ठाकुर-** नानक नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री हेमराज ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती मीना ठाकुर (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती पूर्णिमा पटेल-** ग्वारीघाट स्टेशन के निकट निवासी श्री जगदीश पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती पूर्णिमा पटेल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

# गुलामी की निशानियों को मिटाकर चहुंओर स्वतंत्रता का दीप प्रज्वलित किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के पुणे में श्रीमंत बाजीराव पेशवा 'प्रथम' की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान शाह ने कहा कि बाजीराव पेशवा ने अपने कौशल, रणनीति और वीर साथियों की मदद से कई हारे हुए युद्धों को जीत में परिवर्तित किया। उन्होंने कहा कि गुलामी की निशानियों को हर जगह ध्वस्त कर वहां स्वतंत्रता का दीप प्रज्वलित करने का काम बाजीराव पेशवा ने किया। पूरे 20 साल के कालखंड में बाजीराव पेशवा को घोड़े से नीचे उतरते हुए किसी ने नहीं देखा।



## मराठा बनाम पेशवा विवाद के बीच शाह ने किया बाजीराव की प्रतिमा का अनावरण

### बाजीराव प्रथम को श्रद्धांजलि दी

उन्होंने बाजीराव प्रथम को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अगर शिवाजी महाराज द्वारा शुरू की गई और पेशवाओं द्वारा 100 साल तक आगे बढ़ाई गई स्वतंत्रता की लड़ाई नहीं होती, तो भारत का मूल ढांचा अस्तित्व में नहीं होता। शाह ने कहा कि अपने 40 साल के जीवन में पेशवा बाजीराव ने अपना ऐसा अमर इतिहास लिखा जो कोई और व्यक्ति नहीं लिख सकता। बाजीराव 19 वर्ष की आयु में मराठा साम्राज्य के पेशवा या प्रधानमंत्री बने।

### स्वराज की रक्षा के लिए नेतृत्व और सेनाएं मर मिटने को तैयार



शाह ने कहा कि जब भी मेरे मन में नकारात्मक विचार आते हैं, तो मैं आमतौर पर बाल शिवाजी और पेशवा बाजीराव के बारे में सोचता हूं कि वे प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच 'स्वराज' स्थापित करने में सक्षम रहे। स्वराज की रक्षा करने की जिम्मेदारी अब 140 करोड़ भारतीयों पर है। उन्होंने कहा कि जब स्वराज की स्थापना के लिए लड़ाई लड़ने का समय आया तो हमने ऐसा किया। जब स्वराज की रक्षा के लिए लड़ाई की आवश्यकता होगी तो हमारी सेना एवं नेतृत्व निश्चित रूप से ऐसा करेंगे और ऑपरेशन सिंदूर इसका सबसे अच्छा उदाहरण था।

**रेलवे स्टेशन का नाम रखने की मांग पर विवाद**

भाजपा की राज्यसभा सांसद मेधा कुलकर्णी ने रेलवे अधिकारियों से मुलाकात के दौरान मांग रखी थी कि पुणे स्टेशन का नाम बाजीराव पेशवा पर रखा जाए। उन्होंने कहा कि जब तमाम शहरों के नाम उनसे जुड़ी महान हस्तियों पर रखे जा रहे हैं तो फिर पुणे का नाम भी बाजीराव पर रखा जा सकता है। हालांकि इस पर विवाद शुरू हो गया था। ऐसे में अमित शाह की ओर से पुणे में उनकी प्रतिमा का अनावरण करना अहम है।

**संप्रभुता-स्वराज के लिए प्रतिबद्ध**

शाह ने कहा कि भारत के सशस्त्र बल एवं नेतृत्व देश की संप्रभुता-स्वराज की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान यह तरीके से प्रदर्शित हुआ। शाह ने घोड़े पर सवार मराठा सेनापति एवं पेशवा बाजीराव प्रथम की प्रतिमा के यहां राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में अनावरण के बाद कहा कि जब भी वह नकारात्मक विचारों से ग्रस्त होते हैं तो वह छत्रपति शिवाजी महाराज और बाजीराव के बारे में सोचते हैं।

### शिंदे ने की शाह की तारीफ 'जय गुजरात' का नारा लगाया

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने जयराज स्पोर्ट्स एंड कन्वेंशन सेंटर के उद्घाटन कार्यक्रम में शाह की जमकर तारीफ की। शिंदे जब ये बोल रहे थे तब शाह मंच पर बैठे थे। पहले शिंदे ने हिंदी में शाह की जमकर तारीफ की। इसके बाद उन्होंने गुजरातियों की तारीफ की। भाषण के अंत में 'जय हिंद, जय महाराष्ट्र, जय गुजरात' का नारा लगाया। शिंदे ने कहा कि आज गुजराती समाज के लिए फिर से ऐतिहासिक दिन है। यहां किसी चीज की कमी नहीं है क्योंकि आप सभी लक्ष्मी के पुत्र हैं। पीएम मोदी जिस काम का भूमिपूजन करते हैं, वो काम तेज गति से पूरा होता है। मैं अपना अनुभव साझा कर रहा हूं, चाहे वह समृद्धि हाईवे हो या कोस्टल रोड।



## खबर संक्षेप

### चावल मिल के गोदाम में लगी भीषण आग

**खेड़ा।** गुजरात के खेड़ा में शुक्रवार को एक चावल मिल के गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद मौके से आग और धुएं का गुबार उठता नजर आया है। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकलकर्मी मौके पर आग बुझाने की कोशिश में जुटे हैं। फायर ऑफिसर चिराग गढ़वी ने कहा कि यह आग चावल मिल के पास प्लास्टिक गोदाम में आग लगी है।



### स्कॉर्पियो ट्रक से टकराई 3 दोस्तों की मौत

**सोनीपत।** यहां के जीटी रोड सेक्टर 7 फ्लाईओवर पर वीरवार की रात स्कार्पियो व ट्रक की टक्कर हो गई स्कार्पियो में चेचेरे भाईयों समेत 4लोग सवार थे। जिनमें 3की मौत हो गई। एक हालत गंभीर बनी हुई है। स्कार्पियो अधिक रफ्तार में होने के कारण अनियंत्रित हो गई थी और डिवाइडर से टकराने के बाद दूसरी साइड टली गई। वहां से आ रहे ट्रक ने उसमें टक्कर मार दी।



### कोलकाता कांड में पुलिस ने रीक्रिएट किया सीन

**कोलकाता।** पुलिस के अधिकारी शुक्रवार को छात्रा के सामूहिक दुष्कर्म के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए 4लोगों को साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज ले गए। वहां पुलिस ने अपराध स्थल पर क्राइम सीन को रीक्रिएट किया। तीन मुख्य आरोपियों पूर्व छात्र और संविदा कर्मचारी मनोजीत मिश्रा, वर्तमान छात्र प्रमित मुखर्जी और जैब अहमद कोकॉलेज ले जाया गया।



### नीट यूजी के नतीजों को चुनौती, अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रश्न में कथित त्रुटि के कारण नीट-यूजी 2025 के परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि 2 दिन पहले इसी तरह की एक अन्य याचिका खारिज कर दी थी और वह व्यक्तिगत परीक्षाओं पर विचार नहीं कर सकती।



### कॉलेज से गायब छात्रा ने शादी का दावा किया

**दरभंगा।** यहां के सीएम कॉलेज से लापता छात्रा मोनिका का 7 दिन बाद शादी करने के बाद एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें उसने अपहरण से इनकार करते हुए अपनी मर्जी से शादी करने की बात कही है। सीएम कॉलेज, दरभंगा से लापता छात्रा मोनिका का मामला अब और पेचीदा होता जा रहा है। उसने खुद के अपहरण से इनकार करते हुए शादी करने की बात कही है।



## हिमाचल में बाढ़ और भूस्खलन से तबाही, अब तक 69 की मौत

# सुक्खू ने कहा-हर बेघर को हर माह मिलेंगे 5 हजार रुपए, शाह ने 4 सीएम से बात की

### उप मुख्यमंत्री और मंत्रियों के साथ बैठक के बाद बोले मुख्यमंत्री

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल में बाढ़ और भूस्खलन से तबाही जारी है। अब तक 69 लोगों की मौत हो चुकी है। प्रदेश में युद्धस्तर पर राहत बचाव कार्य चल रहा है। आपदा पर सीएम सुक्खू कड़ी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध की तरह आपदा का सामना कर रहे हैं। लोगों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है।तबाही के बीच सीएम सुक्खू ने शुक्रवार को कई राहत और बचाव योजनाओं की घोषणा की। डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री और अन्य मंत्रियों के साथ सीएम सुक्खू ने उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपदा से विस्थापित परिवारों को हर महीने 5 हजार रुपए मिलेंगे। जो परिवार राहत आश्रयों में रह रहे हैं और अपने गांवों में किराए का आवास ढूंढ रहे हैं, उन्हें हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 5 हजार रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। सीएम सुक्खू ने कहा कि प्रभावित परिवारों को भोजन और राशन की आपूर्ति भी सुनिश्चित करेंगे।

**प्रदेश सरकार पीड़ित परिवारों के साथ**

**भोजन और आवास भी देंगे**



सीएम ने कहा कि शिमला के एक हॉर्टिकल्चर कॉलेज में फंसे 92 छात्रों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। आपदा से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने यह भी बताया कि मंत्रिमंडल के सदस्य विभिन्न क्षेत्रों में जाकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं और प्रभावित इलाकों में राहत कार्य तेजी से चलाए जा रहे हैं।

**युद्धस्तर पर चल रहा सड़क, बिजली बहाली का काम**

सुक्खू ने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों, बिजली और जलापूर्ति बहाली का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। मुख्य सचिव समीक्षा बैठकें कर रहे हैं। सरकार आपदा प्रभावितों को राहत प्रदान करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

**14 जगहों पर बादल फटे**

सुक्खू ने बताया कि इस साल मानसून की शुरुआत में ही हिमाचल में भारी तबाही देखने को मिली है। राज्य में 14 जगहों पर बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। उन्होंने कहा, हम अध्ययन कर रहे कि बादल फटने की घटनाएं इतनी ज्यादा क्यों हो रही हैं? उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस संबंध में बात की, जिन्होंने राज्य को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। सुक्खू ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री से मेरी बात हुई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हमें पूरी मदद देगी। नुकसान का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीम भी मिचल पहुंच रही है।

**कंगना और जयराम में अनबन**

### बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचने का प्रयास किया तो जयराम ने रुकने को कहा



हिमाचल के मंडी जिले के अलग-अलग भागों में सोमवार रात बादल फटने और भारी बारिश से आई बाढ़, भूस्खलन से मची तबाही के बाद प्रभावित क्षेत्रों की सुध नहीं लेने के आरोपों पर सोशल मीडिया पर ट्रोल हो रहीं सांसद कंगना रणौत ने अपना स्पष्टीकरण दिया है। मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना ने अपने फेसबुक अकाउंट पर जारी एक पोस्ट में लिखा- हिमाचल में लगभग हर साल बाढ़ से होने वाली तबाही को देखना दिल दहलाने वाला है। मैंने मंडी के सराज और अन्य इलाकों में बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचने की कोशिश की, लेकिन विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने सलाह दी कि जब तक संपर्क और प्रभावित इलाकों तक पहुंच बहाल नहीं हो जाती, तब तक इंतजार करें।

**गृह मंत्री शाह ने मुख्यमंत्रियों से की बात**

### बचाव दल तैनात, केंद्र देगा हर संभव मदद

देश के कई राज्यों में मानसून के दस्तक देते ही भारी बारिश ने मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं। गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में भारी बारिश के कारण आई आपदा ने जमकर तबाही मचाई है। शाह ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। शाह ने एक्स पर लिखा, देश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के मद्देनजर गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों से बात की। जरूरतमंद लोगों के लिए इन राज्यों में एनडीआरएफ की पर्याप्त टीमें तैनात की गई हैं और जरूरत पड़ने पर और टीमें भेजी जा सकती हैं। केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया गया है।

### धामी बोले- सुरक्षा का आश्वासन दिया



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शाह के साथ हुई बातचीत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, शाह ने दूरभाष के माध्यम से श्री केदारनाथ धाम सहित राज्य के विभिन्न आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में हो रही अतिवृष्टि की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली।

**इस संवेदनशीलता और सक्रियता के लिए शाह का आभार**

उन्होंने कहा कि साथ ही राज्य के अन्य संवेदनशील जिलों में भी निगरानी रखते हुए हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का भी उन्होंने आश्वासन दिया। शाह का इस संवेदनशील, सक्रिय और सहृदय नेतृत्व के लिए हार्दिक आभार।

**हाईकोर्ट से हिंदू पक्षकारों को झटका**

## ईदगाह से जुड़ी 'संपत्ति' को विवादित नहीं माना जाएगा

### अदालत ने याचिका को किया खारिज



एजेंसी ▶▶ मथुरा

यहां स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह से जुड़ी संपत्ति को विवादित घोषित करने से इनकार कर दिया। कोर्ट के इस फैसले से हिंदू पक्षकारों को झटका लगा है। न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की अदालत ने वादी महेंद्र प्रताप सिंह की ओर से दाखिल अर्जी खारिज कर दीश्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह मामले में शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई।

**फैसला सुरक्षित रखा था**

इससे पहले कोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका पर मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। साथ ही निर्णय के लिए चार जुलाई की तारीख नियत की थी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में मांग की है कि शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित किया जाए, जैसा कि बाबरी मस्जिद प्रकरण में किया गया था।

**'मस्जिद होने का कोई साक्ष्य ईदगाह मस्जिद पक्ष ने नहीं दिया'**

हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कोर्ट के समक्ष कहा था कि वहां पहले मंदिर था। वहां पर मस्जिद होने का कोई साक्ष्य आज तक शाही ईदगाह मस्जिद पक्ष न्यायालय में पेश नहीं कर सका। न खसरा खतौनी में मस्जिद का नाम है, न नगर निगम में उसका कोई रिकॉर्ड। न कोई टैक्स दिया जा रहा।

**मूल गर्भगृह को तोड़कर बनाई गई मस्जिद**

इसके साथ ही हिंदू पक्ष ने दावा किया था कि मथुरा की शाही मस्जिद भी श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भगृह को तोड़कर ही बनाई गई है। हालांकि हिंदू पक्ष की इस मांग पर मुस्लिम पक्ष ने विरोध जताया था। साथ ही कोर्ट में लिखित आपत्ति भी दाखिल की थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की कोर्ट ने शाही ईदगाह को विवादित ढांचा घोषित करने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

**चुनाव आयोग ने किया दावा**

## बिहार में 1.5 करोड़ घरों में पहुंचे बीएलओ 87%मतदाताओं को मिले नामांकन फॉर्म

### विधानसभा चुनाव के लिए किया जा रहा पुनरीक्षण

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में 1.5 करोड़ घरों में बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) की पहली यात्रा आज पूरी हो गई है और राज्य में चल रहे विशेष तीव्र पुनरीक्षण के तहत अब तक कुल 7,89,69,844 मतदाताओं में से 87 प्रतिशत से अधिक नामांकन फॉर्म (यानी 6,86,17,932 फॉर्म) वितरित किए जा चुके हैं। चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी है। इसके अलावा, विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से



नियुक्त किए गए 1,54,977 बूथ स्तर एजेंट (बीएलए) भी एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। दो जुलाई तक भाजपा ने 52,689 बीएलए नियुक्त किए हैं।

**वेबसाइट और एप की दी सुविधा**

आयोग ने बताया कि बाकी घर या तो बंद थे या उनमें मृत मतदाता रहते थे या वे प्रवासी हो सकते हैं या यात्रा पर गए होंगे। चूंकि, बीएलओ तीन बार घरों पर जाएंगे, इसलिए यह आंकड़ा आगे और बढ़ सकता है। चुनाव आयोग ने बताया कि आंशिक रूप से भरे हुए फॉर्म चुनाव आयोग की वेबसाइट और ईसीआईएनईटी एप पर डाउनलोड के लिए भी उपलब्ध हैं और मतदाता स्वयं ईसीआईएनईटी एप के जरिए भरे हुए फॉर्म अपलोड कर सकते हैं।

**सोनिया की ओर से बोले सिंघवी**

## ईडी का केस वास्तव में बेहद ही अजीब इसमें न संपत्ति और न ही उपयोग दिखा

### नेशनल हेराल्ड मामले में अदालत में सुनवाई, दलील दर दलील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत में दलील दी कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का यह मामला 'वास्तव में बेहद अजीब और अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ अजीब नहीं, बल्कि बहुत ही अनोखा है। यह कथित मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है, लेकिन इसमें न कोई संपत्ति है, न संपत्ति का उपयोग या प्रदर्शन।

**एजीएल को कर्जमुक्त करने के लिए उठाया कदम**



सिंघवी ने कहा कि हर कंपनी को कानून के तहत अपनी देनदारी हटाने की अनुमति होती है। हमने भी वही किया। हमने एजीएल का कर्ज यंग इंडियन को ट्रांसफर किया ताकि एजीएल कर्जमुक्त हो जाए। उन्होंने बताया कि यंग इंडियन एक गैर-लाभकारी कंपनी है। इसका मतलब यह है कि कंपनी लाभ, बोनस, वेतन या लाभांश नहीं बांट सकती।

**ईडी ने वर्षों तक कुछ नहीं किया**

सिंघवी ने कहा कि ईडी ने वर्षों तक इस मामले में कुछ नहीं किया और अचानक एक निजी शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि ये लोग कांग्रेस से जुड़े हुए हैं।

**ईडी ने पीएमएलए के तहत दी चार्जशीटः एएसजी राजू**

ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि गांधी परिवार यंग इंडियन कंपनी के लाभार्थी मालिक हैं और अन्य शेयरधारकों की मृत्यु के बाद उन्होंने पूरी कंपनी पर नियंत्रण कर लिया। ईडी ने गांधी परिवार समेत अन्य के खिलाफ पीएमएलए की धारा 3 और धारा 4 के तहत चार्जशीट दाखिल की है। इस में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, सुनील भंडारी, यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड के नाम हैं। अगली सुनवाई की तारीख जल्द तय होगी।

**महाराष्ट्र में 'त्रिभाषा' का विवाद और गरमाया**

# मराठी के नाम पर गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

### सीएम देवेंद्र फडणवीस की चेतावनी-कानून तोड़ा, तो कार्रवाई होगी

एजेंसी ▶▶ मूंबई

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मराठी बोलने के नाम पर लोगों के साथ गुंडागर्दी और मारपीट करने के कई मामले सामने आने के बाद संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि मराठी के नाम पर गुंडागर्दी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं ने मीरा रोड पर दुकान चलाने वाले एक 48 वर्षीय व्यक्ति पर हमला कर दिया था। इस घटना का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें मनसे कार्यकर्ता दुकानदार पर थप्पड़ बरसाते नजर आ रहे हैं।

**मनसे कार्यकर्ताओं ने दुकानदार को पीटा, धमकी भी दी**



महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने मराठी गौरव को अपना मुख्य चुनावी मुद्दा बना लिया है। मुंबई के मीरा रोड पर एक स्वीट शॉप के मालिक के साथ मनसे के 7 सदस्यों ने गुंडागर्दी की थी। उस पर मराठी बोलने का दबाव बनाया गया, तो उसने पूछ लिया कि मराठी में बोलना अनिवार्य क्यों होना चाहिए? यहां तो सभी भाषाएं बोली जाती हैं। इसके बाद मनसे ने उसके साथ मारपीट की और कहा कि उसे यहां बिजनेस करने नहीं दिया जाएगा। मनसे ने अपने कदम का बचाव करते हुए कहा था कि दुकानदार ने भाषा का अपमान किया था।

**देवेंद्र का सख्त रुख दिखा**

फडणवीस ने इस घटना के बाद सख्त रुख अख्तियार किया है। उन्होंने कहा कि मराठी का सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन इसके नाम पर किसी के साथ मारपीट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुंडागर्दी करने वालों और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

**मराठी विवाद पर बोले राणे**

### गरीब हिंदी बोले तो पीटा जाता है, जावेद अख्तर और आमिर खान को कोई...

फडणवीस सरकार में मंत्री नितेश राणे ने कहा कि एक हिंदू को इसलिए मारा गया क्योंकि उसने मराठी नहीं बोली। अगर हिम्मत है तो मुंबई के नल बाजार, मोहम्मद अली रोड जैसे मुस्लिम इलाकों में जाकर लोगों से मराठी में बात करने को कहो। राणे ने कहा कि क्या आमिर खान और जावेद अख्तर मराठी बोलते हैं? नहीं, लेकिन कोई उन्हें कुछ नहीं कहता। गरीब हिंदू अगर हिंदी बोलता है तो उसे मारा जाता है। राणे ने चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी हिंदुओं पर दादागीरी करेगा, सरकार उस पर सख्त कार्रवाई करेगी।



**मोदी के सम्मान पर कांग्रेस का 'अपमान'**

## सूची बनाई, वहां गए जहां 50 सालों में कोई पीएम नहीं गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी घाना की अपनी दो दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद गुरुवार को त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे जहां पियार्को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पीएम कमला प्रसाद-बिसेसर ने उनका स्वागत किया। वहीं, कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाए हैं। पवन खेड़ा ने कहा कि पीएम मोदी उस देश में गए हैं, जहां 50 सालों में कोई प्रधानमंत्री नहीं गया। खेड़ा ने कहा कि उन्होंने एक सूची बनाई कि कौन से प्रधानमंत्री किस देश में गए और कौन से नहीं गए और फिर उस सूची को लागू करने निकल पड़े। पिछले 11 सालों से मास्टर स्ट्रोक की खबरें आ रही हैं। वहां जाने के बाद एक और खबर आई, उन्हें बहुत बड़ा सम्मान मिला। आज पीएम मोदी को सम्मान मिल रहा है इसलिए सभी को ये समझना चाहिए कि पीएम मोदी देश नहीं हैं।



## बंगाली समाज की संपूर्ण रथ यात्रा आज

**जबलपुर।** बंगाली समाज की प्राचीन व प्रमुख संस्था सिद्धी बाला बोस लाइब्रेरी एसोसियेशन सिटी बंगाली क्लब स्थित भगवान जगन्नाथ के मौसी के घर से 5 जुलाई शनिवार को सायं 5.30 बजे सम्पूर्ण रथ यात्रा निकाल कर भगवान को उनके घर (जगन्नाथ मंदिर ) पहुंचाया जायेगा। सचिव प्रकाश साहा ने बताया कि परंपरा अनुसार 5 जुलाई को उनके मौसी के घर से भगवान जगन्नाथ,बड़े भाई बलभद्र,बहन सुभद्रा,को रथ में बैठाकर रथ यात्रा के माध्यम से नगर में जनदर्शन कराकर उनके घर (मन्दिर) पहुंचाया जायेगा। सात दिन के विश्राम के बाद शनिवार 5 जुलाई को भगवान को उनके घर वापस लाने के लिए रथ यात्रा निकाली जा रही है जिसे सम्पूर्ण अथवा वापसी रथ यात्रा भी कहा जाता है।सम्पूर्ण रथ यात्रा करमचंद चौक, तुलाराम चौक,अंधरदेव, बड़ा फुहारा, घमंडी चौक, लार्डगंज, गंजीपुरा,सुपर मार्केट,मालवीय चौक,होते हुए सिटी बंगाली क्लब जगन्नाथ मंदिर पहुंचेगी।

## तेजाब कांड का विरोध

**जबलपुर।** शहर में विगत दिनों समाज की बेटी श्रद्धा दास पर फेंके गए तेजाब कांड के विरोध में एवं श्रद्धा के जल्द स्वस्थ होने की कामना के साथ सर्व समाज में बढ़ रहे ऐसे अपराधों के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से संदेश के साथ सभी रथयात्रा में शामिल होंगे।प्रबंध कार्यकारिणी ने सभी श्रद्धालुओ से सम्पूर्ण रथ यात्रा में शामिल होकर रथ का रस्सा खींचकर पुण्य लाभ अर्जित करने और समाज में जागरूकता लाने सहयोग की अपील की है।

### श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर जीवन के आदर्शों और संस्कारों का हुआ भावपूर्ण वर्णन

# गुरु भक्ति से मिलती है परमात्मा की अनुभूति : ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी

हरिभूमि, जबलपुर।

श्री बगलामुखी सिद्धपीठ, शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पावन अवसर पर द्वितीय दिवस की कथा अत्यंत भावपूर्ण एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत रही। ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज ने श्रद्धालुजनों को शास्त्रों की गंभीर गूढ़ताओं को सरल भाषा में समझाते हुए जीवन के वास्तविक उद्देश्य की ओर उन्मुख किया। महाराज श्री ने कहा कि भगवान की प्राप्ति केवल उसी जीव को होती है, जो गुरु के चरणों में सम्पूर्ण समर्पण और श्रद्धा के साथ अपनी आत्मा को अर्पित करता है। उन्होंने श्रीमद्भागवत के मंगलाचरण के भाव को स्पष्ट करते हुए बताया कि सत्य का स्वरूप ही परमात्मा है और जब आत्मा उस सत्य से जुड़ती है, तभी मोक्ष का द्वार खुलता है। उन्होंने ब्रह्मा जी को भगवान नारायण द्वारा दिए गए चतुःश्लोकी भागवत उपदेश को ब्रह्म ज्ञान की संज्ञा दी और बताया कि यही



उपदेश समस्त वेदांत का सार है। मनु और शतरूपा के प्रसंग से मानव सृष्टि की आरंभिक यात्रा का चित्रण करते हुए उन्होंने कहा कि जब मानव स्वयं को ईश्वर की संतान मानता है, तभी वह सेवा और संयम से युक्त जीवन जी पाता है।

### यह रहे उपस्थित

कथा के दौरान व्यास पीठ पूजन विधिविधान से संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभा यादव, पद्मा मेनन, पूजा यादव, आशीष दुबे, अमित प्रतीक्षा सिंह, घनश्याम मिश्रा, पवन-रेनु बागरोडिया, अंजना शुक्ला, हरीश-विनीता भारद्वाज, तुलसी अवस्थी, अखिल तिवारी, मोनू सिंह परिहार, आशीष चौकसे, शुभम चौरसिया, तुलसी अवस्थी, गौरव चौबे, अभिषेक उपाध्याय, वैभव दुबे, विनोद अरोरा, नीरज गुप्ता, सुनील गुप्ता, नवीन यादव, रोहित साहू, राहुल मोर्य, शंकर लाल गुप्ता मनोज सेन आदि श्रद्धालुजन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सती चरित्र-

सती चरित्र की व्याख्या करते हुए ब्रह्मचारी जी ने कहा कि "अहंकार जब हृदय में घर कर लेता है, तब विवेक नष्ट हो जाता है और पतन निश्चित होता है।" इस प्रसंग में उन्होंने आज के युग में बढ़ते हुए अहंकार की प्रवृत्ति पर भी चिंता व्यक्त की।

### देवहूति और कर्दम ऋषि

देवहूति और कर्दम ऋषि के माध्यम से विवाह के वास्तविक मर्म को समझाते हुए कहा कि पति-पत्नी का संबंध केवल देह या कर्तव्यों तक सीमित नहीं, बल्कि आत्मिक समर्पण और समझदारी से युक्त एक पवित्र बंधन है।

### ध्रुव चरित्र

ध्रुव चरित्र का उल्लेख करते हुए महाराज श्री ने कहा कि माता सुनीति के संस्कारों और गुरु नारद जी की वाणी पर पूर्ण विश्वास ने ही ध्रुव को ईश्वर की गोद तक पहुँचा दिया।" उन्होंने यह भी कहा कि जिसके जीवन में श्रद्धा, विश्वास और गुरु सेवा होती है, वहीं सच्चे अर्थों में भगवान को प्राप्त करता है।



## लक्ष्मीबाई साहू कॉलेज में छात्र की उत्तर पुस्तिका फाड़े जाने पर एनएसयूआई ने किया विरोध प्रदर्शन

**जबलपुर।** लक्ष्मीबाई साहू कॉलेज जबलपुर में परीक्षा के दौरान एक छात्र की उत्तर पुस्तिका (कॉपी) को परीक्षा निरीक्षण कर रहे शिक्षकों द्वारा फाड़े जाने की अत्यंत निंदनीय घटना सामने आई। इस घटना ने न केवल छात्र की मानसिक स्थिति को प्रभावित किया, बल्कि सम्पूर्ण छात्र समुदाय के विश्वास को भी ठेस पहुंचाई है। इस अमानवीय कृत्य के विरोध में एनएसयूआई जबलपुर ने प्रदेश महासचिव नीलेश माहर के नेतृत्व में कॉलेज प्रबंधन के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन किया। एनएसयूआई की मांग है कि जिन शिक्षकों ने यह गैर-जिम्मेदाराना और असंवेदनशील कार्य किया (तरुण उपाध्याय एवं प्राची) उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। नीलेश माहर ने कहा कि छात्रों की परीक्षा उनके भविष्य का सवाल होती है। इस प्रकार की घटनाएं छात्र-शिक्षक संबंधों पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती हैं। एनएसयूआई छात्रों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगा।एनएसयूआई ने कॉलेज प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि आगामी 48 घंटों में दोषियों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण ज़िम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# संजय यादव म.प्र. खो-खो संघ के दूसरी बार सहसचिव निर्वाचित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश एसोसियेशन खो-खो संघ के सचिव संजय यादव लगातार द्वितीय बार भारतीय खो-खो महासंघ के 4 वर्ष के लिए निर्विरोध सहसचिव निर्वाचित हुये, यह म.प्र. के लिए बड़े हर्ष एवं गौरव की बात है कि जबलपुर में यह पद दूसरी बार प्राप्त हुआ है। प्रथम नगर आगमन के बाद डुमना एयरपोर्ट से विशाल भव्य रैली का आयोजन किया गया, जिसमें संजय यादव का जगह-जगह फूल माला, पुष्पगुच्छ एवं मिष्ठान से स्वागत कर उनके निज निवास श्रीनाथ की तलैया में रैली का समापन हुआ। म.प्र. के अधिकांश जिले के सचिव एवं खिलाड़ियों ने रैली में भाग लिया। रैली में म.प्र. एसो. खो-खो संघ के संरक्षक पंडित योगेन्द्र दुबे, राम दुबे,



राम कुमार यादव, मनोज यादव, विनोद पोद्दार, विजय यादव, मनोज गुप्ता, मुकेश सिंह, आकाश धटोरिया, चंद्रशेखर स्वामी, राजेन्द्र प्यासी, मनिल चैतन्य, हेमलता तिवारी, चंदा सोनी, सीमा पटेल, उषा शैलोकर, सुषमा घोंगडे, गोल्डी गुप्ता, नैन्सी जैन, वारा कोरी, आफरीन शेख, पूजा बर्मन, शुभम, विवेक यादव, ममता धनोरिया, सुनील परमार, प्रबल अग्रवाल, जीत तिवारी, दीपक जाट इत्यादि स्वागत रैली में शामिल रहे।

# चाकू के वार से युवक की आंते आ गई थी बाहर

### जटिल सर्जरी के बाद डॉक्टरों ने जान बचाई

जबलपुर।

चाकू के वार से युवक की आंते बहार आ गई थी साथ ही आंतों में कई छेदे हो गए थे। ऐसे में मरीज के शरीर में संक्रमण होने और सैप्टिक होने का खतरा बढ़ गया था। युवक को गंभीर हालत में गैलेक्सी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, उखरी ले जाया गया। जहां गंभीर परिस्थितयों में जटिल ऑपरेशन कर डॉक्टरों ने उसकी जान बचाई। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. विवेक गुप्ता ने बताया कि मरीज में इन्फेक्शन फैलने और सेप्टिक होने का खतरा बहुत ज्यादा था। इसके



साथ ही पेशेंट का बीपी काफी लो था, पल्स भी बहुत डाउन थी। ब्लीडिंग की वजह से हीमोग्लोबिन स्तर भी बहुत कम हो गया था। इमरजेंसी को महसूस करते हुए रात में 2 बजे से सुबह 5 बजे के बीच काफी जटिल सर्जरी करते हुए हमने आंत के करीब 10 सेंटीमीटर हिस्से को काटकर दोबारा आंत को जोड़ा। इतना ही नहीं पेशेंट की उंगलियों में भी चाकू के घाव थे। हाथो के टेंडन (जिन पर उंगलियां मूव करती हैं)भी कट गए थे। इन्हें भी ठीक किया गया। इस कारण मरीज की जान बचा ली गई ।जबलपुर निवासी पेशेंट यशु आज पूरी तरह स्वस्थ हैं, उनका इंटेस्टाइन मूवमेंट भी अच्छा है। इस केस में डॉ. विवेक गुप्ता के मार्गदर्शन में हॉस्पिटल से 2 सर्जन, एनेस्थिसिया विशेषज्ञों और ओटी स्टाफ ने ट्रीटमेंट किया।



## स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर अभा कायस्थ महासभा ने पुष्पांजलि अर्पित की

**जबलपुर।** "महापुरुषों का जीवन हमें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। महापुरुष अपने जीवन से दूसरों को सीखने के लिए बहुत कुछ दे जाते हैं, जिसे आत्मसात कर हम अपने जीवन को श्रेष्ठता की ओर ले जा सकते हैं। हिन्दू धर्म की पताका लहराते हुए समूचे विश्व में भारतीय संस्कृति का गौरव बढ़ाने वाले युग प्रवर्तक संत एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का उन्हें शत-शत नमन है।" उक्ताशय के विचार अभा कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने महासभा द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए व्यक्त किए। कार्यकम में प्रमुख रूप से अभा कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रेनू श्रीवास्तव, युवा जिलाध्यक्ष विवेक खरे, ममता श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव, बीना श्रीवास्तव, विजय खरे, मानवेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सत्येन्द्र श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## गंगा मैया सांई मंदिर के स्थापना दिवस पर होंगे धार्मिक अनुष्ठान



**जबलपुर।** गुरुपूर्णिमा एवं गंगा मैया सांई मंदिर स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर गंगा मैया व्हीकल सांई मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। आयोजन के तहत सुन्दर कांड दोपहर 1 बजे से, हवन पूजन शाम 4 बजे, सांई बाबा की पालकी यात्रा नगर भ्रमण के लिये शाम 5 बजे निकाली जायेगी, सांई बाबा की महाआरती शाम 7.30 बजे की जाएगी। सभी कार्यक्रम सांई परिवार के सुनील खम्परिया एवं सभी साथियों की मौजूदगी में संपन्न होंगे। शाम की आरती के बाद रात 8 बजे से विशाल भंडारा आयोजित किया गया है। इस अवसर पर संस्थापक जायनाथ सोनी, अरविन्द, बीरेंद्र पटेल, श्याम लाल, संदीप राजपूत, जगदीश केवट, जितेश सोनी, महेन्द्र दहिया, मोनू (दिनेश केवट), रोहित, गोलू राजपूत, शिब्बू, मुकुल एवं साईं मंदिर के समस्त कार्यकर्ताओं ने उपस्थिति की अपील की है।

# भगवान श्री झूलेलाल का चालीसा व्रत महोत्सव 11 जुलाई से

### सैकड़ों नर-नारी चालीस दिनों तक व्रत रखकर जल-ज्योति की करेंगे पूजा

जबलपुर।

सिन्धी समाज की आस्था, श्रद्धा एवं भक्ति का महापर्व "चालीसा व्रत मेला 2025 महोत्सव" का शुभारंभ शुक्रवार 11 जुलाई से हो रहा है जिसका समापन मंगलवार 19 अगस्त को होगा। चालीस दिनों तक चलने वाले महापर्व पर प्रतिदिन श्री झूलेलाल मंदिर भरतीपुर में जलज्योति की पूजा अर्चना, आरती एवं पल्लव, आध्यात्मिक सत्संग प्रातः 9.30 बजे से 10.30 बजे तक होंगे। पर्व के प्रारंभ में महापूजन प्रातः 9.30 बजे स्वामी रामदास



महाराज, स्वामी अशोकानंद महाराज, स्वामी प्रदीप महाराज के सानिध्य में होगा। आयोजन समिति के विधायक अशोक रोहाणी, उद्धवदास पारवानी, दिलीप तलरेजा, रामचंद्र आहूजा, रमेश आहूजा, राजकुमार कांधारी, माधवदास कुंदवानी, श्रीचंद मध्यांनी, कैलाश वासवानी, धर्मेंद्र मंगलानी, त्रिलोक वासवानी, लक्ष्मीचंद खेमानी ने बताया कि चालीस दिनों तक यह महानुष्ठान पूज्य बहराणा साहब का पूजन प्रातः 9.30 बजे से 10.30 बजे तक होगा। जलज्योति की पूजा, अर्चना एवं आरती पल्लव सांय 7.30 से 8 बजे, 19 अगस्त तक प्रतिदिन श्री झूलेलाल मंदिर में होगी तथा 19 अगस्त को ही विशाल मटकी (कलश) शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली जायेगी। चालीस दिनों तक माता, बहनें एवं उपासक व्रत एवं उपवास रखकर भगवान झूलेलाल मंदिर के गर्भगृह में स्थित विपत्ति निवारक जल देवता, वरूण देवता, भगवान झूलेलाल का पूजन अर्चन एवं जलाशय में दीपदान करेंगे।हर शुक्रवार को बहराणा साहब का पूजन-आयोजकों ने बताया कि 40 दिनों तक हर शुक्रवार को बहराणा साहब की पूजा अर्चना, विशेष पूजन होगा।



# चिकित्सा शिक्षा को मातृभाषा में सहज, सुलभ और प्रभावी बनाने "मिशन मातृभाषा" का शुभारंभ

**जबलपुर।** सुख सागर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, जबलपुर (म.प्र.) ने "मिशन मातृभाषा" के अंतर्गत हिंदी चिकित्सा पुस्तकों की विशेष पुस्तकालय का शुभारंभ किया है। यह पहल मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. अशोक खंडेलवाल के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है। इसका उद्देश्य चिकित्सा शिक्षा को मातृभाषा हिंदी में सहज, सुलभ और प्रभावी बनाना है, विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए जो ग्रामीण या हिंदी भाषी पृष्ठभूमि से आते हैं। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्णय लिया गया है कि हिंदी माध्यम से परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा शुल्क में 50% की छूट दी जाएगी। सामान्यतः 6000 रुपये का शुल्क अब केवल 3000 रुपये तथा स्नातक स्तर पर 15,000 रुपये का शुल्क अब मात्र 7500 रुपये होगा। यह सुविधा लगभग 25,000 विद्यार्थियों को लाभान्वित करेगी। इसके अतिरिक्त, हिंदी माध्यम से परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को नकद पुरस्कार और विशेष उपाधियाँ भी प्रदान की जाएंगी, जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त छात्र को दो लाख रुपये और "मातृभाषा रत्न" तथा द्वितीय स्थान वाले को 1.5 लाख रुपये और "मातृभाषा विभूषण" की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। यह देश में पहली बार हो रहा है जब किसी मेडिकल विश्वविद्यालय ने इस स्तर पर मातृभाषा को बढ़ावा देने के लिए ठोस पहल की है। सुख सागर मेडिकल कॉलेज का यह प्रयास न केवल शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है, बल्कि यह भारतीय भाषायी गौरव और सांस्कृतिक मूल्यों को भी नई पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# रेल मजदूर संघ का विरोध प्रदर्शन 9 को

**जबलपुर।** नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमैन (एनएफआईआर) द्वारा रेल कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर 9 जुलाई को अपने-अपने डीआरएम कार्यालयों पर रैली, धरना, मोर्चा जैसे बड़े पैमाने पर विरोध कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया गया है। संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि डब्ल्यू.सी.आर.एम.एस. के अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय व महामंत्री अशोक शर्मा के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेल के भोपाल , कोटा, जबलपुर मंडलो के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालयो के समक्ष 9 जुलाई को होगा जो कि रेलवे कर्मचारियों से संबंधित मुद्दों को लेकर अखिल भारतीय स्तर पर यह प्रदर्शन किया किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली, 8वें वेतन आयोग की शर्तों को अंतिम रुप देने, रेलवे में पदों के सृजन पर प्रतिबंध हटाना, निजीकरण, आउटसोर्सिंग और निगमीकरण को रोकने, जैसे मांगे शामिल हैं साथ ही रेलवे में नवनिर्मित परिसंपत्तियों के लिए पदों का सृजन, रेलवे कर्मचारियों की विभिन्न श्रेणियों की सेवा शर्तों में सुधार, कैडर पुनर्गठन और मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्त करने में तेजी लाने पीएनएम और डीसी/जेसीएम मंचों में लंबित मांगों का समाधान के मुद्दे शामिल है।

## आज निकलेगी 11 वीं विट्ठल वारी यात्रा

**जबलपुर।** आषाढ़ी कार्तिकी वारी महामंडल जबलपुर के तत्वावधान में दिनांक 5 जुलाई 25 शाम 4 बजे से श्री विट्ठल वारी हरिनाम संकीर्तन एवम शोभायात्रा श्री दत्त मंदिर गोलबाजार से निकाली जाएगी । श्रीहरि विट्ठल रखुमाई की, विट्ठल वारी यात्रा में श्रीहरि विट्ठल रखुमाई माता के श्रीविग्रह संत ज्ञानेश्वरजी महाराज, संत गजानन महाराज की पालकी रथारूढ होकर भगवान भक्तों को दर्शन देंगे।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, **APPASAHEB PANDURANG JADHAV** is legally Father of **No. JC-388233A** RANK **SUB** NAME **JADHAV PRAVIN APPASAHEB** presently residing at **VILL-SHIRDI, PO-SHIRDI, TEH-RAHATA, DISTT-AHILYANAGAR (MAHARASHTRA)-423109** I, have changed of my name and date of birth from name **APPASAHEB** and date of birth **01/07/1944** (Name and date of birth as per my **SON,** Army service records)) to name **APPASAHEB PANDURANG JADHAV** and date of birth **01/01/1951** (name and date of birth as per my **AADHAR CARD**) vide affidavit dated **03/07/2025** formerly before Public Notary MP HIGH COURT, JABALPUR

**CORRECT NAME**
**APPASAHEB PANDURANG JADHAV**
**INCORRECT NAME-APPASAHEB**
**CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1951**
**INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1944**

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, **VIMAL APPASAHEB JADHAV** is legally Mother of No **JC- 388233A** RANK **SUB** NAME **JADHAV PRAVIN APPASAHEB** presently residing at **VILL-SHIRDI, PO-SHIRDI, TEH-RAHATA, DISTT-AHILYANAGAR (MAHARASHTRA)-423109** I, have changed of my name and date of birth from name **JADHAV VIMAL APPASAHEB** and date of birth **01/07/1947** (Name and date of birth as per my **SON,** Army service records)) to name **VIMAL APPASAHEB JADHAV** and date of birth **01/07/1956** (name and date of birth as per my **AADHAR CARD**) vide affidavit dated **03/07/2025** formerly before Public Notary MP HIGH COURT, JABALPUR

**CORRECT NAME**
**VIMAL APPASAHEB JADHAV**
**INCORRECT NAME**
**JADHAV VIMAL APPASAHEB**
**CORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1956**
**INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1947**

**PUBLIC NOTICE (30/06/2025)**

We are pleased to introduce our self as M/S ECONS CROP PROTECTION PVT. LTD IEC Number is AACCE7807N Would like to Manufactureing and Sales of 100% Water Soluble Mixture of - N.P.K. (00:16:18), N.P.K. (20:20:20), N.P.K. (19:19:19) N.P.K. (13:40:13), N.P.K. (16:08:24), N.P.K. (25:10:10), N.P.K. (05:40:28), N.P.K. (12:30:10), N.P.K. (05:22:22), N.P.K. (21:11:21), N.P.K. (00:40:40), N.P.K. (09:11:37), N.P.K. (00:15:16), N.P.K. (13:12:13), N.P.K. (05:00:29), N.P.K. (20:08:10), N.P.K. (00:30:20), N.P.K. (00:21:14), N.P.K. (07:23:07), N.P.K. (07:00:25), N.P.K. (12:00:35), N.P.K. (10:08:34), N.P.K. (08:14:31), N.P.K. (21:21:16), N.P.K. (13:12:26), N.P.K. (10:28:16), N.P.K. (18:18:18), (28) N.P.K. (12:46:10), N.P.K. (08:10:36), N.P.K. (00:09:46), N.P.K. (00:60:20), N.P.K. (05:55:17), N.P.K. (05:05:46), N.P.K. (14:48:00), N.P.K. (17:06:17). in the state of Madhya Pradesh. The quality of the product will be as per the Fertilizer Control Order 1985, Notification No. S.O. 2900 (E) Dt. 24.10.15.

**INDORE OFFICE ADDRESS - 315, PREM TRADE CENTRE, MAHARANI ROAD, INDORE, MADHYA PRADESH - 452007**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 04/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मौसमी बिरहा पति श्री मानकलाल बिरहा, श्री मानकलाल बिरहा पिता श्री मुन्ना लाल बिरहा ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 288 का भाग राजुल सिटी सम्पत्ति पिन क्रमांक 1000387271 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 775 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 700 वर्गफुट RCC विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री इंद्रजीत कुमार पिता महेश प्रसाद जायसवाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 04/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कुनाल अम्बेडकर पिता श्री नन्द किशोर अम्बेडकर ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 162 नमामि वैली कजरवारा सम्पत्ति पिन क्रमांक 1003880209 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 960 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति नेहा पिनयानी पति श्री सुनील पिनयानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**